सार-समाचार

मजदूर दंपति पर कुत्तों ने किया हमला

मंडफिया, (निसं)। भदेसर उपखंड क्षेत्र के भालूंडी ठाम पंचायत के कहारों की ढाणी में प्रतापगढ़ जिले से मजदूरी करने के लिए आए आदिवासी दंपति को खेत के अंदर खुले में सोना महंगा पड़ गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रतापगढ़ जिले के बारावर्धा तहसील के श्री की पीपली गांव के मजदूर दंपति अपने साथियों के साथ भदेसर तहसील के क्षेत्र में मजदूरी करने के लिए आए एवं वर्तमान में यह खेतों में गेहूं की कटाई का कार्य कर रहे थे। मंगलवार रात्रि को यह अपने साथी मजदूरों के साथ खेत में सो रहे थे तभी रात्रि को लगभग 12:30 बजे कुत्तों के एक झुंड ने एकाएक मजदूर पति-पत्नी पर हमला कर दिया यह पति-पत्नी संभलते तब तक कुत्तों के झूंड ने उनके शरीर पर लगभग 15 से 20 जगह वारकर घायल कर दिया। दंपती के चिल्लाने पर आसपास के मजदूर भी उठ गए एवं इन्हें घायल अवस्था में भदेसर अस्पताल लाया गया जहां पर उपस्थित नर्सिंग कर्मचारी के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। लगभग पूरे शरीर पर 8-10 जगह टांके लगाए गए एवं ड्रेसिंग कर प्राथमिक उपचार के बाद इन्हें छुट्टी दे दी गई। कहारों की ढाणी के ग्रामीणों ने बताया कि आवारा कुत्तों का यह झुंड एकाएक किसी पर भी हमला कर देते हैं। ठामीणों ने प्रशासन से मांग कि इन कुत्तों को पकड़ कर कई अन्यत्र छोड़ा जाए। घायल होने वाले दंपति में लालूराम पुत्र घमर उम्र 40 वर्ष एवं मखदू पत्नी लालूराम उम्र 35 वर्ष है यह घायल मजदूर श्री की पीपली बारावर्धा प्रतापगढ़ निवासी है।

संविदा नर्सिंगकर्मी गिरफ्तार

राजसमंद, (निसं)। कांकरोली थाना पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए नर्सिंग महिला कर्मचारी के साथ छेड़छाड़ के आरोप में सनवाड़ में कार्यरत संविदा नर्सिंगकर्मी को गिरफ्तार किया है। थाना अधिकारी हनवंतसिंह सोढ़ा ने बताया कि आरके अस्पताल में कार्यरत एक महिला कर्मचारी ने शिकायत दर्ज कराई कि कमलेश कुमावत पुत्र मोहनलाल कुमावत निवासी मोरा कला रायपुर जिला पाली हाल शक्ति नगर, कांकरोली जो संविदा नर्सिंगकर्मी होकर छेड़छाड़ करते हुए परेशान कर रहा था। कमलेश कुमावत पीड़िता का आए दिन पिछा कर उसको फब्तियां कसते हुए दुर्व्यवाहर कर प्रताड़ित कर रहा था। जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर छेड़छाड़ के आरोप में सनवाड़ में संविदा नर्सिंगकर्मी कमलेश कुमावत को मंगलवार को गिरफ्तार किया। फरीयादी की पैरवी करते हुए एडवोकेट हर्ष टांक ने बताया कि आरोपी संविदा नर्सिंगकर्मी कमलेश कुमावत को बुधवार सुबह न्यायालय में पेश किया जहां से न्यायधीश ने उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेजने के आदेश दिए।

पक्षियों के लिए बांधे परिंडे

देवगढ़, (निसं)। राजकीय प्राथमिक विद्यालय वेरावास में राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उप शाखा देवगढ़ के तत्वाधान में पक्षियों के लिए बांधे परिंडे यह परिंडे शिक्षक संघ के भूतपूर्व स्वर्गीय शिक्षक आदरणीय राधेश्याम स्वर्णकार व मान कंवर परिहार की स्मृति में लगाए गए। समस्त सदस्यों ने दोनों ही दिवंगत हुतात्माओं को हार्दिक श्रद्धांजलि दी। विकास अधिकारी पुखराज सरेल ने बताया कि हमें पर्यावरण संरक्षण एवं जीवों की सुरक्षा हेतु कार्य करना होगा यह सभी जीव किसी न किसी रूप में मानव की सेवा के लिए ही बने हैं, उनकी सुरक्षा हमारा धर्म है। अतिरिक्त खंड शिक्षा अधिकारी कान सिंह चौहान ने पर्यावरण में हो रहे उत्कृष्ट कार्यो के लिए विद्यालय के दोनों शिक्षकों को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर देवेंद्र सिंह कच्छावा तहसील अध्यक्ष जसपाल सिंह भरत सिंह शशि गिरी गोस्वामी कालू सिंह देवी सोनी निलेश गुर्जर एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

बाइक चुराने वाले दो गिरफ्तार

डूंगरपुर, (निसं)। दोवडा थाना पुलिस ने गुजरात से बाइक चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले 2 शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों से चोरी की गई बाइक भी बरामद की है। दोनों आरोपियों को गुजरात पुलिस के हवाले कर दिया है। दोवडा थानाधिकारी ने बताया कि लोकसभा चुनावों के तहत स्थाई वारंटी और फरार आरोपियों के लिए धरपकड अभियान चल रहा है। इसके तहत कॉन्स्टेबल पुष्पेंद्र सिंह, लोकेंद्र सिंह और रमनलाल की टीम ने देवसोमनाथ के पास नाकाबंदी कर गाडयों की तलाशी ली जा रही थी। इस दौरान 2 युवक बाइक लेकर आए। दोनों की हरकत संदिग्ध होने से उन्हें रुकवाकर पूछताछ की। दोनों ने अपना नाम मुकेश पुत्र शांतिलाल कटारा मीणा निवासी सुथारिया फला मनपुर और प्रमोद पुत्र मोहन डामोर मीणा निवाई सुथारिया फला मनपुर बताया। दोनों ने गुजरात के गांधीनगर इन्फोसिटी थाना क्षेत्र से बाइक चोरी करने की बात बताई। पुलिस ने दोनों के पास से चोरी की गई बाइक बरामद कर ली। दोनों को डिटेन कर लिया। गुजरात पुलिस दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई।

कार से 2 लाख 79 हजार रुपए बरामद

डूंगरपुर, (निसं)। धंबोला थाना क्षेत्र के मांडली चेक पोस्ट से एक कार से 2 लाख 79 हजार रुपए से ज्यादा का कैश मिला है। ड्राइवर कैश को लेकर कोई सही जानकारी नहीं दे सका। जिस पर पुलिस ने कैश के साथ कार को भी जब्त कर लिया है। वही पुलिस अब कैश ले जाने को लेकर जांच कर रही है। धंबोला थानाधिकारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर वाहनों की चेकिंग की जा रही है। इसके तहत मांडली चौकी पुलिस और एफएसटी टीम के पोपटलाल ननोना, कांनि दीपेश और श्रीनिवास ने राजस्थान से गुजरात के बॉर्डर पर नाकेबंदी की। इस दौरान एक गुजरात नंबर की कार आते हुए दिखाई दी। कार ड्राइवर से पूछताछ करने पर कोई जवाब भी नहीं दे सका। इस पर पुलिस ने कार की तलाशी ली।

वॉर रूम का शुभारम्भ

उदयपुर, (कासं)।लोकसभा चुनावी गतिविधियों पर निगरानी के लिए पंकज कुमार शर्मा को उदयपुर लोकसभा क्षेत्र का प्रभारी बनाया गया। बुधवार को कांग्रेस के वॉर रूम का उद्घाटन हुआ। शहर जिला कांग्रेस कमेटी की पूर्व अध्यक्ष नीलिमा सुखाडिया, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सुरेश श्रीमाली, कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष मधुसूदन शर्मा एवं स्व. प्रभु लाल जी बनवाल के पुत्र जानकीलाल बनवाल ने फीता काट कर वॉर रूम का उद्घाटन किया।उदयपुर लोकसभा क्षेत्र कांग्रेस वॉर रूम के उद्घाटन पर प्रभारी पंकज कुमार शर्मा ने आगामी गतिविधियों को लेकर चर्चा की।

अवैध हथकढ़ शराब जब्त, 20 हजार लीटर वॉश नष्ट की

उदयपुर, (कासं)। लोकसभा आम चुनाव 2024 के तहत आदर्श आचार संहिता की पालना में अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण एवं परिवहन पर प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही के तहत आबकारी एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त कार्यवाही में हथकड शराब जब्त करते हुए 20 हजार लीटर वॉश नष्ट किया।

आबकारी आयुक्त अंश दीप द्वारा प्रदत्त निर्देशों की पालना में अतिरिक्त आबकारी आयुक्त अरूण कुमार हसीजा, जिला आबकारी अधिकारी नीलम लखारा, आबकारी अधिकारी महावीर राठौड, सहायक आबकारी अधिकारी भरत मीणा के निर्देशन में आबकारी एवं पुलिस विभाग की संयुक्त कार्यवाही के तहत ग्राम दैया, अम्बासा, साली बोगरा वन क्षेत्र एवं हथकढ प्रभावित गांवों में एक अभियोग दर्ज कर 80 लीटर अवैध हथकढ शराब जब्त की गई एवं 10 भट्टी नष्ट की गई। हथकढ़ शराब बनाने के लिए प्रयुक्त की जाने वाली 20 हजार लीटर वॉश नष्ट किया । उक्त कार्यवाही आबकारी निरीक्षक वृत गिर्वा राहुल कुमार शर्मा, पुलिस थाना पानरवा प्रभारी अंकित सामरिया, आबकारी निरीक्षक उद्यम सिंह, आबकारी गार्ड प्रभुलाल, पुलिस हेड कॉन्सटेबल कान्तिलाल, सिपाही केसर सिंह, जग्गा सिंह, अजीत सिंह मय जाब्ता एवं पुलिस थाना पानरवा मय जाब्ता द्वारा की गई।

आबकारी व पुलिस दल ने अवैध हथकढ़ शराब पर कार्यवाही की।

डॉ. मंगल पेसिफिक मेडिकल वि.वि. के बने वाइस चांसलर

डॉ.मंगल ने पेसिफिक मेडिकल विवि के वाइस चांसलर का कार्यभार संभाला।

उदयपुर, (कासं)। पेसिफिक मेडिकल विवि में आज डॉ.एम.एम.मंगल ने वाइस चॉसलर का पदभार ग्रहण किया। पीएमसीएच के चेयरमैन राहुल अग्रवाल, ऐक्जिक्यूटिव डॉयरेक्टर अमन अग्रवाल, सीईओ शरद कोठारी, एडवाईजर टू चेयरमैन डॉ.ए.पी.गुप्ता ने डॉ.मंगल को मेवाड़ी पाग एवं उपणा उडाकर सम्मान किया व पदभार ग्रहण कराया।

चेयरमैन राहुल अग्रवाल ने कहा कि हम सभी को एकजूट रहकर एवं समन्वित प्रयासों के साथ इस संस्थान को उॅचाईयों तक ले जाना है जिससे कि हम भविष्य के उच्च स्तरीय चिकित्सकों को देश एवं समाज की सेवा के लिए तैयार कर सके।

नव नियुक्त वाइस चॉसलर डॉ.एम. एम.मंगल ने कहा कि मुझे राहुल अग्रवाल, शरद कोठारी,अमन अग्रवाल एवं डॉ. ए.पी.गुप्ता के परस्पर सहयोग के साथ साथ विवि से संघटक महाविद्यालयो एवं हॉस्पिटल के सभी साथी एवं कर्मचारियो का स्नेह मिलता रहेगा। गौरतलब है कि एक लाख से ज्यादा मेजर एवं माइनर सर्जरी कर चुके डॉ.एम.एम.मंगल 33 बर्षो तक सरकारी सेवा मे कार्य करने के वाद उदयपुर के आरएनटी मेडिकल कॉलेज से सर्जरी विभाग के प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष के पद से सेवा निर्वत होकर पेसिफिक ग्रुप से जुड गए। निवर्तमान वाइस चॉसलर डॉ.ए.पी.गुप्ता ने अपने कार्यकाल के के लिए आभार व्यक्त किया।

निरीक्षण के दौरान मिली अवधि पार दवाइयां

राजसमंद, ०(निसं)। जिला मुख्यालय स्थित आरके अस्पताल में संचालित वन स्टॉप सेंटर का जिला प्राधिकरण सचिव मनीष कुमार वैष्णव ने बुधवार को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में प्राथमिक उपचार किट में अवधि पार दवाइयां मिली।

वैष्णव ने आरके जिला अस्पताल में संचालित वन स्टॉप सेंटर के निरीक्षण में प्राथमिक उपचार किट में रखी दवाइयों की वैद्यता अवधि की रेंडमली जांच की गई। जांच करने पर दवाइयां तथा टैबलेट अवधि पार पाई गई तथा उपचार किट में बीटाडीन, पट्टियां तथा कॉटन भी उपलब्ध नहीं पाया गया, जिसे गंभीरता से लेते हुए वैष्णव ने संबंधित कार्मिक को दवाइयों की वैद्यता अवधि की नियमित अंतराल में जांच करने तथा बीटाडीन व कॉटन इत्यादि आवश्यक वस्तुएं पर्याप्त मात्रा में उपचार किट में रखने के निर्देश दिए। सेंटर में आश्रय लेने वाली महिलाओं व बालिकाओं के उपयोग के लिए शौचालय व स्नानघर उपलब्ध हैं। जांच करने पर दैनिक उपयोग में आने वाली वस्तुएं यथा साबुन, टूथपेस्ट, तेल आदि उपलब्ध पाई गई। सेंटर में दो बालिकाएं आश्रयरत होना बताया, किन्तु वक्त निरीक्षण दोनों बालिकाओं का न्यायालय में बयान देने के लिए जाना बताया।

महिला का मिला शव

डूंगरपुर, (निसं)। सरोदा थाना क्षेत्र के गडाझुमजी ननोमा फला में एक महिला का शव घर से 200 मीटर दूर पेड से लटका मिला है। महिला 12 घंटे पहले ही पीहर से ससुराल आई थी। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सरोदा थाना पुलिस के अनुसार बुधवार सुबह सूचना मिली कि गडाझूमजी गांव में एक महिला का शव फंदे पर लटका हुआ है। इस पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। गडा झुमजी पंचायत के ननोमा फला में संजना पत्नी महेश ननोमा का शव घर से 200 मीटर दूर नीम के पेड से दुपट्टे से लटका हुआ था। इस वजह से उसकी मौत हो गई थी। ससुराल पक्ष के लोगों ने पुलिस को बताया कि मंगलवार रात को संजना ने परिवार के लोगों के साथ खाना खाया। इसके बाद वह सोने चली गई।

सीटी स्कैन मशीन का उद्घाटन

उदयपुर, (कासं)। पेसिफिक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (पीआईएमएस), उमरडा के रेडियोलॉजी विभाग में नई अत्याधुनिक सीटी स्कैन मशीन का उद्घाटन चेयरपर्सन शीतल अग्रवाल ने फीता काटकर किया।

यह नई सीटी स्कैन मशीन अस्पताल की चिकित्सा सेवाओं को और मजबूत करेगी और रोगियों का बेहतर और सटीक निदान प्रदान करेगी। मशीन नवीनतम तकनीकों से लैस है और यह उच्च गुणवत्ता प्रदान करेगी, जिससे डॉक्टरों को रोगों का शीघ्र और सटीक निदान करने में मदद मिलेगी। पिम्स के चेयरमेन आशीष अग्रवाल ने कहा कि आधुनिक मशीनरी और उच्च कुशल डॉक्टरों के माध्यम से ही बेहतर चिकित्सा संभव है। रेडियोलॉजी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. हरिराम ने नई सीटी स्कैन मशीन की जानकारी देते हुए बताया कि अत्याधुनिक विशेषताओं और क्षमताओं जैसे उच्च रिजॉल्यूशन इमेजिंग, कम विकिरण खुराक, तेज स्कैनिंग व 3 डी इमेजिंग से मरीज लाभान्वित होंगे। पिम्स हॉस्पिटल के संस्थापक बी. आर. अग्रवाल ने इस उपलब्धि पर कहा कि पिम्स में अपनी उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाओं और अत्याधुनिक मशीनरी के लिए जाना जाता है। इस अवसर पर साई तिरुपति विवि के कुलपति डॉ. बी. एल. कुमार, प्रिंसिपल डॉ. सुरेश गोयल, रजिस्ट्रार देवेंद्र जैन, मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. चंद्रा माथुर तथा सभी विभागों के विभागाध्यक्ष व गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

पीआईएमएस उमरड़ा में सीटी स्कैन मशीन का उद्घाटन हुआ।

सार-समाचार

रोगी को स्वस्थ जीवन प्रदान किया

उदयपुर, (कासं)। गीतांजली मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल उदयपुर में गत माह आर.जी.एच.एस लाभार्थी आबू निवासी 47 वर्षीय महिला रोगी को स्वस्थ जीवन प्रदान किया। इस सफल उपचार को सफल बनाने वाली टीम में ऑर्थोपेडिक विभाग के एच.ओ.डी व जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ रामावतार सैनी,एनेस्थीसिया विभाग से डॉ भगवंत गोयल, डॉ सुनील वीरवाल ओ.टी स्टाफ,आईसीयू स्टाफ शामिल है। डॉ रामावतार सैनी ने बताया कि पार्शियल नी रिप्लेसमेंट में रोगी के घुटने की लगभग 80 प्रतिशत संरचना सुरक्षित रहती है। प्राय: 50-60 आयु तक के रोगियों को इसकी सलाह दी जाती है, आमतौर पर टोटल नी रिप्लेसमेंट लगभग 20-25 वर्षों तक कारगर रहता है इसलिए कम उम्र के रोगियों को पार्शियल नी रिप्लेसमेंट की सलाह दी जाती है जिससे यदि भविष्य में पुन:जरूरत हो तब रोगी का टोटल नी रीप्लेसमेंट किया जा सके।

स्कोडा ने ऑल-न्यू कॉम्पैक्ट एसयूवी की घोषणा की

उदयपुर, (कासं)। स्कोडा ऑटो इंडिया ने अपनी ऑल-न्यू कॉम्पैक्ट एसयूवी की घोषणा की है। नए युग की ओर एक और कदम बढ़ाते हुए कंपनी ने यूजर के जुड़ाव, उपभोक्ताओं को कंपनी की योजनाओं में शामिल करने और डिजिटाइज़ेशन की ओर बढ़ते हुए कई डिजिटल गतिविधियों की शुरुआत की है। इससे बिक्री में काफी उछाल आया है और कंपनी अपने ग्राहकों या प्रशंसकों के ज्यादा नजदीक पहुंची। स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रैंड डायरेक्टर पेट्र जेनेबा ने कहा, लगातार बदलते डिजिटल फलक, प्लेटफॉर्म और मीडियम को देखते हुए उपभोक्ताओं के अनुभव और उनके सफर को यादगार बनाने के लिए नए तरीकों को अमल में लाना बहुत जरूरी हो गया है। हमारी डिजिटल रणनीति यह सुनिश्चित करने के लिए डिजाइन की गई है कि हमारे प्रोडक्ट्स और सर्विसेस उपभोक्ताओं और फैंस तक उनके पसंदीदा रूप में पहुंचे। अभी तक कंपनी को नेम योर स्कोडा कैंपेन के तहत अपनी जल्द ही लॉन्च होने वाली ऑल-न्यू कॉम्पैक्ट एसयूवी के लिए 1,50,000 एंट्रीज या नामों के सुझाव मिले हैं। हाल ही मे कंपनी का 24 घंटे का डिजिटल कैंपेन समाप्त हुआ, जिसमें कंपनी ने भारत में अपने कार्यकाल के 24 वर्ष पूरा करने का जश्न मनाते हुए एक दिन या 24 घंटे में 709 स्कोडा कारों की बुकिंग की।

वृद्ध की हत्या, आरोपी फरार

उदयपुर, (कासं)। बावलवाड़ा थाना क्षेत्र में आपसी रंजिश के चलते आरोपियों ने कुल्हाडी से हमला कर वृद्ध की हत्या कर दी। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के बावलवाड़ा थाना क्षैत्र गराजा गांव निवासी लालसिंह(70) की पड़ोसी गराजा निवासी मगनसिंह पुत्र पूनसिंह तथा अमरसिंह पुत्र नानसिंह कुल्हाडी से हमला कर हत्या कर फरार हो गए। 1 अप्रेल को लालसिंह अपने मकान के आंगन में सोया था। इस दौरान आरोपी कुल्हाडी से हमला कर फरार हो गए । इसका पता चलने पर परिजन उसे उपचार के लिए बावलवाड़ा चिकित्सालय ले गए। जहां से रेफर करने पर डूगरपुर चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर बावलवाड़ा थानाधिकारी करणवीरसिंह ने मौके पर पहुंच कर मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि होली से पूर्व लालसिंह के पोते के साथ मगनसिंह द्वारा मारपीट करने की जानकारी सामने आई है।

दशामाता पर्व आज

डूंगरपुर, (निसं)। पारिवारिक सुख समृद्घि एवं मनोवांछित कामनाओं को लेकर चैत्र कृष्णदशमी पर दशा माता पर्व गुरूवार को परम्परागत श्रद्धां के साथ मनाया जायेगा। दशा माता पर्व को लेकर तैयारियों को अन्तिम रूप दिया जा रहा है। जिसके तहत बुधवार को सुहागिनों ने दशामाता व्रत की आवश्यक सामग्री तथा पूजा अर्चना का सामान खरीदा। इस दौरान आज दिन भर शहर में खासी भीड महिला खरीददारों की रही। गुरूवार को शुभ मुहुर्त में शहर के विभिन्न स्थानों पर दशामाता व्रत के पूजन हेतु महिलाओं का जमावडा लगना प्रारंभ हो जायेगा। इधर गेपसागर पाल के व्यापारियों ने दशामाता व्रत पूजन करने वाली महिलाओं के लिए टेन्ट व पेयजल की व्यवस्थाएं की गई है।

युवक ने की आत्महत्या

उदयपुर, (कासं)। शहर के अम्बामाता थाना क्षेत्र में युवक ने मकान में फांसी लगा आत्महत्या कर ली। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार रात में शहर के अम्बामाता थाना क्षैत्र त्रिवेणी चिकित्सालय के समीप फतहपुरा निवासी प्रहलाद पुत्र धीरज खारोल ने अपने मकान में फांसी लगा आत्महत्या कर ली। प्रहलाद चक्की चताला था एवं अनबन होने से पत्नी के पीहर चले जाने के चलते मानसिक रूप से परेशान था। इसी के चलते उसने फांसी लगा ली।

किशोरी ने लगाई फांसी

उदयपुर, (कासं)। शहर के गोवर्धन विलास थाना क्षेत्र में किशोरी ने अपने मकान में फांसी लगा आत्महत्या कर ली। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सेक्टर14 निवासी हिमाशी पुत्री मनोज पंवार ने अपने मकान में फांसी लगा ली। इसका पता चलने पर परिजनों ने निचे उतार चिकित्सालय पहुंचाया। जहां उसकी मौत हो गई।

तीन दिवसीय सेमिनार का आगाज

उदयपुर, (कासं)। जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय के संघटक माणिक्यलाल वर्मा श्रमजीवी सायंकालीन महाविद्यालय के अन्तर्गत संचालित डिपार्टमेंट ऑफ रिहेबिलिटेशन साईसेस की ओर से आयोजित तीन दिवसीय सीआरई कान्फ्रेंस का आगाज बुधवार को महाविद्यालय के सभागार में कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत, समाजसेवी अनिल सिंह, भाजपा देहात जिलाध्यक्ष चन्द्रगुप्त सिंह चैहान, डॉ. मधुश्री चैधरी, अधिष्ठाता डॉ. एसबी नागर ने मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्जवलित कर किया।

■ **दिव्यांगजन को देश की मुख्यधारा से जोड़ने का जिम्मा समाज का : प्रो. सारंगदेवोत**

मुख्य अतिथि समाजसेवी अनिल सिंह - लखनऊ उत्तर प्रदेश ने कहा कि मेवाड़ धरा त्याग, तपस्या, शौर्य, समर्पण की रही है, यहॉ के राजा महाराजाओं ने वंचित वर्ग के शिक्षण दीक्षण के लिए अनेकों संस्थाओं की स्थापना की। विद्यापीठ द्वारा दिव्यांगजनो के लिए शिक्षण दीक्षण का कार्य प्रारंभ करना एक अनुठी पहल है इससे अच्छी कोई सेवा हो नहीं सकती।

कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने कहा कि दिव्यांगजन को देश की मुख्यधारा से जोड़नें का जिम्मा समाज का है। विशेष योग्यजन व्यक्तियों में बुद्धिमता बहुत तेज होती है , हमें उनकी साईकोलॉजी व उनकी मानसिकता को समझनी होगी, उसके अनुसार हमें अपना कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि आगामी सत्र से विद्यापीठ विशेषजन के लिए पुनर्वास केन्द्र की स्थापना के साथ प्राथमिक कक्षा से विद्यालय की शुरूआत भी करेगा। 21 तरह की श्रेणियों को विशेषजन व्यक्ति के रूप में माना गया है। संस्थापक जनुभाई ने आजादी के पूर्व वंचित वर्ग को देश की मुख्य धारा से जोड़ने के उद्देश्य से ही आजादी के 10 वर्ष पूर्व विद्यापीठ की स्थापना की।प्रारंभ में अतिथियों का स्वगात करते हुए डॉ. एसबी नागर ने बताया कि इस कार्यक्रम को रिहैबिलिटेशन कौन्सिल ऑफ इंडिया नई दिल्ली से मान्यता प्रदान की गई है जिसमें चार राज्यों के सरकारी व निजी सेवा में कार्यरत विशेष शिक्षा व पुनर्वास से जुड़े शिक्षक व पुनर्वासकर्मी भाग ले रहे जो तीन दिनों तक सतत पुनर्वास शिक्षा कार्यक्रम की थीम, विविध सांस्कृतिक वातावरण में दिव्यांगजन का समावेश किस प्रकार अच्छी तरह किया जाये पर विभिन्न सत्रों में चर्चा होगी। तीन दिनों तक विभिन्न तकनीकी सत्रों में विषय विशेषज्ञ डॉ.. मंजु चैधरी, डॉ. जितेंद्र जीनगर, डॉ. चन्द्रकला, सीमा , डॉ. सुनील कुमार , आशीष कुमार सिंह, डॉ. भावना, बलिराम , प्रजापति वसन्त भाई, श्रीठाकुर वर्मा , सुल्तान अपने विचार व्यक्त करेंगे।

तीन दिवसीय आयोजित सेमिनार को कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने संबोधित किया।

रोत ने नामांकन किया दाखिल

बांसवाड़ा, (निसं)। भारत आदिवासी पार्टी लोकसभा प्रत्याशी राजकुमार रोत ने बुधवार को हजारो समर्थकों के साथ अपना नामांकन दाखिल किया। कॉलेज मैदान से ऊंट पर सवार होकर रोत अपना नामांकन दाखिल करने कलेक्ट्री पहुंचे और उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारी व कलक्टर डॉ. इन्द्रजीत यादव को अपना नामांकन सौंपा।

नामांकन सौंपने के पश्चात् पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि जनता की भावनाओं से जिन लोगों ने धोखा और खिलवाड किया है उन्हें जनता कभी बख्शेगी नहीं और मत के जरिये कडा जवाब देगी। उन्होंने कहा कि नेता ईडी के डर से भाग सकते हैं लेकिन जनता भागने वाली नहीं है। जब उनसे कांग्रेस से गठबंधन के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि अब तक तो गठबंधन नहीं हुआ है कांग्रेस चाहे तो समर्थन कर सकती है। उन्होंने कहा कि जिसने वर्षो तक जनता को भाजपा को वोट नहीं देने की कसम दिलाई थी आज उसी ने भाजपा का दामन थाम लिया है ऐसे में जनता गद्दारी बर्दाश्त नहीं करेगी और लोकतंत्र को बचाने के लिये आगे आयेगी। उप जिला प्रमुख डॉ. विकास बामनिया भी रोत के साथ थे। उन्होंने कहा कि युवाओं की मांग पर वे रोत के साथ आये हैं। ध्यान रहे कि कांग्रेस ने न तो विधिवत रुप से गठबंधन की घोषणा की है और न ही समर्थन देने की।

डॉ. लक्ष्यराज सिंह ने घाटारानी माताजी की पूजा-अर्चना की

डॉ. लक्ष्यराज ने घाटारानी माताजी की विशेष पूजा-अर्चना कर मेवाड़ में सुख-समृद्धि की कामना की।

उदयपुर, (कासं)। मां घाटारानी सेवा संस्थान की ओर से सोमवार को एक शाम मां घाटारानी के नाम विशाल भजन संध्या माताजी मंदिर परिसर में हुई। यह विशाल भजन संध्या समारोह मेवाड के पूर्व राजपरिवार के सदस्य डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड के मुख्यातिथ्य में हुआ।

डॉ. लक्ष्यराज सिंह ने कहा कि मेवाड प्राचीनकाल से ही देवी मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों का उपासक रहा है। घाटारानी माताजी की यह विशाल भजन संध्या में मां दुर्गा की भक्ति की भावनाओं को जागृत करने का काम करती है। इससे पहले डॉ. लक्ष्यराज सिंह ने मां घाटारानी की विशेष पूजा-अर्चना कर मेवाड में सुख-समृद्धि की कामना की। भजन संध्या में गायक कलाकार मूंगाणा के जगदीश वैष्णव, पाली के रमेश माली, कोशावाडा के भगवत सुथार, पाली की सोनी सिसोदिया, उदयपुर के सुरेश गहलोत, भीलवाड़ा के प्रेमशंकर जाट, उदयपुर के रोहन सुथार ने मां दुर्गा पर आधारित विभिन्न गीत प्रस्तुत कर भक्ति की अविरल धारा प्रवाहित की।